फाटलुम को खिताब, वाणी दूसरे पर रहीं

विमिंस इंडियन ओपन गोल्फ

■ **NBT रिपोर्ट, गुरुग्राम:** थाईलैंड की गोल्फर पोर्नानोंग फाटलुम ने अंतिम राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विमिंस इंडियन ओपन चौथी बार अपने नाम कर लिया। डीएलएफ गोल्फ ऐंड कंट्री क्लब के 'गैरी प्लेयर कोर्स' पर 36 वर्षीय पोर्नानोंग ने अंतिम दिन बोगी-मुक्त 7-अंडर 65 का कार्ड खेला और कुल 11-अंडर 277 के स्कोर के साथ चार शॉट्स से खिताबी जीत दर्ज की। वह यहां 2008, 2009 और 2012 में चैंपियन बन चुकी हैं।



थाईलैंड की पोर्नानोंग फाटलुम

तीन भारतीय टॉप-10 में: भारत की वाणी कपूर ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह 7-अंडर 281 के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। यह लेडीज यूरोपियन टूर पर वाणी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वाणी ने अंतिम राउंड में पांच होल में चार बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की थी। हालांकि, बाद में दबाव के चलते उनकी लय बिगड़ गई। डिफेंडिंग चैंपियन शैनन टैन तीसरे स्थान पर रहीं। भारत की तीन खिलाड़ियों ने टॉप-10 में जगह बनाई। प्रणवी उर्स 3-अंडर 285 के स्कोर के साथ संयुक्त चौथे और त्वेसा मलिक संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं।

04 चौथी बार विमिंस इंडियन ओपन का खिताब जीता है पोर्नानोंग फाटलुम ने